मनाही ◆ चीनी के आयात पर शुल्क में बढ़ोतरी का सरकार का अभी कोई प्रस्ताव नहीं

# यूपी में चीनी उत्पादन घटने का कीमतों पर असर नहीं

आर एस राणा ◆ नई दिल्ली

**चालू** पेराई सीजन 2013-14 (अक्टूबर से सितंबर) में उत्तर प्रदेश में गन्ने के पेराई सीजन में देरी की आशंका से चीनी उत्पादन में कमी आने का अनुमान तो है लेकिन चीनी का बकाया स्टॉक और कुल उत्पादन सालाना खपत से ज्यादा होने की संभावना है। ऐसे में चीनी की कीमतों पर असर नहीं पड़ेगा। चीनी के आयात पर शुल्क में बढ़ोतरी का सरकार का अभी कोई प्रस्ताव नहीं है।



**सूरतेहाल**

गन्ने के पेराई सीजन में देरी की आशंका से चीनी उत्पादन में कमी आने का अनुमान, लेकिन चीनी का बकाया स्टॉक और कुल उत्पादन सालाना खपत से ज्यादा होने की संभावना

खाद्य सचिव सुधीर कुमार ने बिजनेस भास्कर को बताया कि उत्तर प्रदेश में चालू पेराई सीजन में चीनी का उत्पादन पूर्व अनुमान से घटने की आशंका तो है लेकिन नए पेराई सीजन के शुरू में 85 लाख टन का बकाया स्टॉक बचा हुआ था जबकि चालू पेराई सीजन में 250 लाख टन चीनी का उत्पादन का लक्ष्य है। इसमें दो-तीन लाख टन की कमी आ भी गई तो भी चीनी की कीमतें प्रभावित नहीं होगी, क्योंकि देश में चीनी की सालाना खपत 225 से 230 लाख टन ही होती है।

उन्होंने बताया कि इस समय व्हाइट चीनी का आयात नहीं हो रहा है केवल रॉ-शुगर का आयात हो रहा है। रॉ-शुगर का आयात टन टू टन के आधार पर हो रहा है तथा टन टू टन के आधार पर चीनी मिलों को रॉ-शुगर का आयात करके, उसके बदले में रिफाइंड करके व्हाइट चीनी का निर्यात करना होता है इसलिए चीनी के आयात शुल्क में बढ़ोतरी का अभी कोई प्रस्ताव नहीं है। चीनी के आयात पर इस समय 15 फीसदी आयात शुल्क है जबकि चीनी उद्योग आयात शुल्क को बढ़ाकर 60 फीसदी करने की मांग कर रहा है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने चालू पेराई सीजन के लिए गन्ने का राज्य परामर्श मूल्य (एसएपी) पिछले पेराई सीजन वाला 275 से 290 रुपये प्रति क्विंटल ही तय किया है, लेकिन आर्थिक घाटे से जूझ रहे चीनी उद्योग ने गन्ने के दाम रंगराजन समिति के फार्मूले के आधार पर तय करने की मांग की है। इसीलिए उत्तर प्रदेश में अभी तक चीनी मिलों ने गन्ने की पेराई शुरू नहीं की है। इसी संबंध में उद्योग के अधिकारियों की 26 नवंबर को राज्य के मुख्यमंत्री के साथ बैठक भी प्रस्तावित है। सूत्रों के अनुसार महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्रप्रदेश में कुछ चीनी मिलों ने गन्ने की पेराई आरंभ कर दी है लेकिन उत्तर प्रदेश में अभी तक पेराई शुरू नहीं की है। चीनी के एक्स-फैक्ट्री भाव उत्तर प्रदेश में 2,925 से 3,000 रुपये और दिल्ली में चीनी की थोक कीमतें 3,150 से 3,200 रुपये प्रति क्विंटल चल रही है। पिछले साल नवंबर महीने में उत्तर प्रदेश में चीनी की एक्स-फैक्ट्री कीमतें 3,150 रुपये प्रति क्विंटल थी।

Business Bhaskar
26/11/13